## सार-समाचार

### वन महोत्सव दिवस पर पौधारोपण किया

**कोलसिया, (निसं)।** पर्यावरण प्रेमी के रूप में पहचाने जाने वाले पंचायत समिति प्रधान दिनेश सुंडा ने कहा है कि जल्द ही नवलगढ़ के हर गांव में पर्यावरण पंचायत होगी। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम घोषित कर हर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जाकर बच्चों से लेकर बुजूर्गों तक वे उनसे रूबरू होंगे। जिसमें वे सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए मोटिवेट करेंगे। इसके अलावा पौधों को लगाने से लेकर उनकी सार संभाल तक के तौर तरीके विशेषज्ञों द्वारा बताए जाएंगे। यह जानकारी रविवार को वन महोत्सव दिवस के मौके पर प्रधान सुंडा ने कैरू गांव में दी। इससे पहले उन्होंने कैरू गांव के जाटावाला जोहड़ में युवाओं के साथ पौधारोपण किया और पर्यावरण को संरक्षित रखने व ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की शपथ दिलाई। इस मौके पर शिक्षाविद् रामनिवास शास्त्री तथा कैरू सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश समेत अन्य ने विचार रखे और कहा कि पर्यावरण पंचायत को सफल बनाने के लिए हर वर्ग का योगदान रहेगा। जिससे नवलगढ़ क्षेत्र में पर्यावरण की दृष्टि से पूरे राजस्थान में ही नहीं, बल्कि देश में अपनी अलग पहचान बनाए। इस मौके पर रघुवीर कानसूजिया, बलवंत लुणायच, महेश शर्मा, सुलतान लुणायच, रतन शर्मा, प्रकाश कानसुजिया, लालचंद कानसुजिया, जुबेर, महेश खेदड़, ज्ञानप्रकाश शर्मा, संदीप मूंड, कपिल, अंकित, अमित, विकास, सुनिल, हरिसिंह लुणायच, पवन, नरेंद्र, प्रदीप व विजेंद्र आदि मौजूद थे। सुलतानसिंह ने संकल्प लिया। इस मौके पर गांव के सुलतान सिंह कानसुजिया ने अपने पौत्र हंशुमन कानसुजिया के जन्मदिन के मौके पर सीमेंट बैंच रखवाई और संकल्प लिया कि अब वे हर छह जुलाई को अपने पौते का जन्मदिन पौधे लगाकर मनाएंगे। इन पौधों की सार संभाल भी ताउम्र करेंगे। प्रधान दिनेश सुंडा ने सुलतानसिंह के इस संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि सभी को ऐसे कदमों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आज

**मंडावा, (निसं)।** श्री गुरु गोरखनाथ आश्रम गोगामेड़ी लाडसर में रविवार को गुरु गोरखनाथ महाराज की मूर्ति स्थापना हुई। ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज के कर कमलों से महंत भवानी सिंह के सानिध्य में यजमान भामाशाह मनोज कुलहरि एवं अभिषेक कुलहरि गांव ढिगाल द्वारा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हुई। पंडित रामदेव वाहिदपुरा एवं जानकीलाल शर्मा द्वारा पूजन कराया गया। मंदिर महंत भवानीसिंह ने बताया गुरु पूर्णिमा के पूर्व रात्रि आज भजन संध्या के कार्यक्रम मे ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज, पूरणमल भाट, महावीर सिंह शेखावत लूमास द्वारा भजन संध्या होगी। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सोमवार को भगवान शिव गौरी (शिव परिवार) की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा नवनिर्मित मंदिर में की जाएगी। सुबह 7:15 बजे हवन यज्ञ के साथ ही सभी मातृशक्ति कलश लेकर कलश यात्रा निकालते हुए भामाशाह मनोज कुलहरि, प्रताप नागौर एवं जवाहरसिंह तेतरवाल के साथ मूर्ति मंदिर लेकर पहुंचेंगे। जिसके बाद टांई धाम के संत सोमनाथ महाराज एवं जिला षड्दर्शन अखाड़ा मंडल अध्यक्ष ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज के कर कमलों से एवं मंदिर के सभी भक्त जनों के साथ भगवान शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी व भंडारे का आयोजन होगा। वह इस धार्मिक कार्यक्रम में सांसद नरेंद्र कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया शामिल होंगे। भक्त नंद ईश्वरनाथ, भक्त भादरसिंह, वीरेंद्र मास्टर, शीशपाल मीणा, मोहनलाल राइका, विनोद जयसिंहपुरा, रामावतार जयसिंहपुरा, नरेश कुमार फौजी, रामस्वरूप, हरिसिंह कालेर, महेंद्र मिस्त्री, धर्मेंद्र, कुंदन सिंह, सुरेश लाडसर, मंगतू राइका, रावत मुकुंदगढ़, अनिल जयसिंहपुरा सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।

### भाजपा ने नवयुवकों से संवाद किया

**मंड्रेला, (निसं)।** मंड्रेला ग्रामीण मंडल मे मेरा बूथ सबसे मज़बूत कार्यक्रम की शृंखला में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवयुवकों से संवाद किया। मंड्रेला ग्रामीण मंडल के गांव मंड्रेला में मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी व अलवर से आए मंडल विस्तारक विजय यादव की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने नव युवकों से संपर्क किया और उनको पार्टी की नीति-रीति से जोड़ा। साथ ही साथ सक्रिय कार्यकर्ताओं को चिह्नित किया। मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी और मंडल विस्तारक विजय यादव ने युवाओं को पार्टी के डिजीटल प्लेटफॉर्म सरल एप के माध्यम से जोड़ा। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने कहा कि भाजपा जितना मजबूत होगी। लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। क्योंकि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ही है। उन्होंने कहा पहले भारत दुनिया की और देखता था, अब पूरी दुनिया भारत को देखती है। ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है तो मुमकिन है। इस अवसर पर जयपाल सिंह निर्वाण, संजय शर्मा, युवा कार्यकर्ता गौरव मित्तल, सलीम सब्जीफरोश, शिवकांत शर्मा, मुरारी चौहान, वीरेंद्र नेहरा, कपिल सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा आज

**झुंझुनूं, (निसं)।** द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में शिवलिंग और शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा 3 जुलाई को की जाएगी। इस अवसर पर शिवलिंग का जलाभिषेक लोहार्गल से पैदल कांवड़ लेकर की जाएगी। उल्लेखनीय हैं कि द्वादश धाम अपने अनोखे निर्माण रूप की वजह से देशभर में पहला ज्योतिर्लिंग होगा। जहां मां वैष्णो देवी, मेहंदीपुर बालाजी के साथ बारह शिव धाम होंगे। मंडावा मोड़ स्थित कार्यालय पर शिव अघोरा संगठन ने बैठक का आयोजन कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर संगठन से जुड़े भक्तों को कार्यक्रम की जिम्मेदारियां तय की। इस अवसर पर शिव भक्त सुभाष नायक ने बताया कि वे पूरे श्रावण महीने लोहार्गल से पैदल कांवड़ लेकर रोज शिव का अभिषेक करेंगे। इस आयोजन में कोई भी भगत जुड़कर पैदल कांवड़ यात्रा से जुड़ सकता हैं। साथ ही अधिक से अधिक भक्तों से कार्यक्रम से जुड़कर सफल करने का निवेदन किया। इस अवसर पर जतन सिंह, संदीप कुमार, नरेश, जगदीश सिहाग, पिंकी, अशोक शर्मा, सुलोचना, नवीन बना, अशोक बना, अंकित जाट व अन्य संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घरडाना खुर्द में रैली का आयोजन

**सिंघाना, (निसं)।** सिंघाना ब्लॉक का सर्वश्रेष्ठ व ग्रामीण आंचल में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाला विद्यालय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) घरड़ाना खुर्द की तरफ से बोर्ड परीक्षा में मेरिट में आने वाले छात्र-छात्राओं व सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले अध्यापकों का सम्मान समारोह हुआ व रैली का आयोजन किया। सीमावर्ती गांवों आर्य नगर, ठिंचौली, मानोता, ढाणी बाढान, जोधी की ढाणी गोठ, ढांढोत, रायपुर, घरड़ाना कलां, जोड़ियां, किठाना आदि गांवों में रैली निकाली गई। सम्मान समारोह व रैली आयोजन कर विद्यालय में अधिकाधिक नव प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य दीपचंद लाखवान ने बताया कि सम्मान समारोह में उप निदेशक सेवानिवृत्त शीशराम जाट, शिक्षाविद विजयपाल सिंह राव, ईश्वर सिंह राव, सूबेदार जयकरण सिंह राव, सूबेदार देवकरण सिंह राव, सरपंच उमेद सिंह राव, कोच हनुमान राम मेघवाल, सूबेदार रणधीर सिंह, सरजीत राव, बिहारीलाल राव, सज्जन राव, रामवीर कुलहरी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### नवजात शिशुओं को बेबी किट वितरण

**झुंझुनूं, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनूं द्वारा स्व. निरंजनलाल केडिया परिवार की ओर से हर माह किए जाने वाला निरंतर सेवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत भगवानदास खेतान अस्पताल झुंझुनूं के जनाना विंग परिसर में, 60 नवजात शिशुओं को हाइजीनिक 8 कपड़ों वाला बेबी किट वीरा श्रीमती सुजाता जी महलावत के सानिध्य में वितरण किये गये, कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष राजेंद्रप्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजनल सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, जोन ट्रेजरार शिवप्रसाद महर्षि, सह सेक्रेटरी रफीक अहमद, जोन डायरेक्टर जाहिद अली खोखर, वीरा डॉ. राखी आलड़िया एवं काफी संख्या में बीडीके हॉस्पिटल स्टाफ व संस्था के वीर एवं वीराएं मौजूद रहे।

### 47 बायोडाटा का पंजीकरण हुआ

**झुंझुनूं, (निसं)।** हर माह होने वाला अग्रवाल युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन अग्रसेन भवन झुंझुनूं में संपन्न हुआ। संयोजक श्यामसुंदर जालान ने बताया कि सम्मेलन में फिजिकल 7 युवक एवं 2 युवतियों के बायोडाटा पंजीकृत हुए। सोशल मीडिया द्वारा 30 युवक एवं 8 युवतियों के बायोडाटा पंजीकृत हुए। बायोडाटाओं को पंजीकृत कर आदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्यामसुंदर जालान, पवन कुमार खेतान, महेश कुमार अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, सुभाषचंद्र ककरानिया, रामगोपाल, विनोदकुमार देवड़ा, शशिकांत अग्रवाल, निर्मला देवी, राजकुमार गोयल, जगदीश प्रसाद, विजयकुमार अग्रवाल एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# रेडक्रॉस सोसायटी ने 50 टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित किये




राजस्थान निक्षय सम्बल योजना के अन्तर्गत निक्षय मित्र बनकर रेडक्रॉस सोसायटी चूरू की ओर से 50 टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित किए गए।

**चूरू, (कासं.)।** राजस्थान नि-क्षय सम्बल योजना के अन्तर्गत निक्षय मित्र बन कर रेडक्रॉस सोसायटी चूरू की ओर से रविवार को डीआईसी हॉल में 50 टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित किए गए। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष श्यामसुन्दर शर्मा व सचिव रघुनन्दन शर्मा, जगदीश सर्राफ, जगदीश प्रसाद शर्मा व दीपक शर्मा आदि उपस्थित थे।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने जिले के भामाशाहों से अपील की है कि राजस्थान निक्षय सम्बल योजना के तहत नि-क्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को पोषण, शिक्षा व रोजगार के रूप में सहायता करें।

रेडक्रॉस सोसायटी चूरू के उपाध्यक्ष श्यामसुन्दर शर्मा व सचिव रघुनन्दन शर्मा ने बताया की टीबी मरीजों को पोषण सामग्री से टीबी से लड़ने में सहायता मिलती है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। उल्लेखनीय है कि संस्था विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर अनेक सेवा के कार्य करती आ रही है।

जिला टीबी रोग अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश सातड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की आगामी 100 दिवसीय कार्य योजना में इस गतिविधि को शामिल किया गया है।

इसके साथ ही उन्होंने बताया की टीबी रोग होने का मुख्य कारण शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाना है। इस अवसर पर जिला क्षय रोग निवारण केन्द्र के चिन्तन सिहं, गजेन्द्र सिंह, बलवान पुनियां, बन्ने सिंह, गोविन्द ढ़ाका, अशोक कुमार आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई।

## चिकित्साकर्मियों ने श्रमदान किया

**मंडावा, (निसं)।** राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय परिसर में डॉ. अनिता चौधरी के नेतृत्व में विभाग के कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए साफ सफाई की। चिकित्साकर्मियों ने कक्षों सहित परिसर के बाहरी क्षेत्र में भी अनावश्यक घास फूंस और कंटीली झाड़ियों और अनुपयोगी पेड़ पौधे को हटाकर कर उपयोगी पेड पौधों की सार संभाल करते हुए निराई गुड़ाई की। डॉ. अनिता ने स्वच्छता को लेकर लोगों में जागरूकता लाना और समाज के हर वर्ग में साफ सफाई को लेकर जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि परिसर में स्वच्छता को लेकर पूरा ध्यान रखा जाता है। डॉ. अनिता ने बताया कि इस कार्य को लेकर विभाग परिसर के कमरों ओर बाहरी क्षेत्र में साफ सफाई की गई। जिसमें सभी कर्मचारियों ने अपना सहयोग दिया।

## चावला के प्रदेश मंत्री और पंकज गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर आतिशबाजी की

**चूरू, (कासं.)।** रविवार को गढ़ चौराहे पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा डॉ वासुदेव चावला को प्रदेश मंत्री बनाने व प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर पुन: पंकज गुप्ता की नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी व सुरेश सारस्वत के नेतृत्व में आतिशबाजी करके व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

इस असवसर पर पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा डॉ वासुदेव चावला को प्रदेश मंत्री व पंकज गुप्ता को पुन: कोषाध्यक्ष पद पर मनोनित किये जाने से हम सब सम्मान का अनुभव कर रहे हैं। इन नियुक्तियों से चूरू का मान सम्मान बढ़ा है क्योंकि प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष के रूप में चूरू के स्थानीय विधायक राजेन्द्र राठौड़ अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जहां सभी वर्गों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। यहां कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा और हेमसिंह शेखावत, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक चोटिया, सत्तार खान, किशन आसेरी, जिला मंत्री सुशील लाटा, फतेहचन्द सोती, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रभा धंधावत, उधोग प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक दौलत तंवर, कार्यालय मंत्री रामस्वरूप कटारिया, पार्षद अनवर थीम, भागीरथ सैनी, जगदीश मेघवाल, मण्डल महामंत्री राजेश माटोलिया, गोगराज सैनी, सुनील खटीक, सोशल मीडिया संयोजक रमेश शर्मा, सहसंयोजक सुरेश मिश्रा, विष्णू सोनी, सुनील ढाका, सुनील भाउवाला, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच, संजीव, पवन चांवरिया, मोहनलाल गढ़वाल, राकेश औझा, मण्डल मंत्री विकास बांठिया, जयपाल टकणेत, नारायण बेनीवाल, दिनेश शर्मा, विजय बावलिया, लखू सिंह, दलीप सिंह, सुरेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, संजय सोनी, अजय तंवर, पवन सरावगी, जुगल पाण्डे, कपील रक्षक, आनन्द रैगर, श्याम, असलम डायर, मोहम्मद सबीर, मनोज वर्मा, नेमीचन्द चौहान, नंदलाल चावला, नेमीचन्द, लालचन्द, भूपेन्द्र, सोहनलाल, मूलचन्द चौहान, प्रेम चावला, भंवर गुर्जर, योगिता प्रजापत, कमल सैनी, विमल जोशी, मनोज तंवर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिक भूख हड़ताल पर बैठे

**सादुलपुर, (निसं)।** वन रैंक वन पैंशन की विसंगतिया व पेंशन भतों में की गई भारी गड़बड़ी को ठीक करवाने की माँग को लेकर दिल्ली में जंतर मंतर पर चल रहे आदोलन के समर्थन में रविवार को पूर्व सैनिक संघ राजगढ ने एसडीएम कार्यालय के सामने एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठकर आदोलन को समर्थन दिया है।

पूर्व सैनिक संघ राजगढ़ जिला चूरु के अध्यक्ष जगत सिंह ने बताया कि पूर्व सैनिकों संगठन के राष्ट्रीय आह्वान पर दिल्ली में जंतर मंतर पर पिछले 133 दिनों से पूर्व सैनिको का आदोलन चल रहा है। जिसमें समर्थन में पूर्व सैनिक संघ राजगढ ने रविवार को उपखण्ड कार्यालय राजगढ के सामने सुबेदार अमर सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठकर आदोलन का समर्थन देकर अविलम्ब माँगों पर कार्यवाही की माँग की है। उन्होंने बताया कि विरांगना किताबो देवी डीगंली, सजना देवी खारिया बास, सुबेदार राजपाल सिंह राघा छोटी, सुबेदार श्रीराम डोकवा, सुबेदार वेदसिंह बैरासर छोटा, सुबेदार जगदीश स्वामी जैतपुरा, सुबेदार ओमप्रकाश सहारण रतनपुरा, सुबेदार मोहरसिंह बैरासर बड़ा, हवलदार रामलाल सिद्धमुख, नायक बनवारीलाल लम्बोर छोटी, व कप्तान जगदेव गागड़वास ने सुबह 10 बजे से उपखण्ड कार्यालय राजगढ़ के सामने भुख हड़ताल रखकर माँग की है कि केन्द्र सरकार अविलम्ब आन्दोलन की माँगों पर विचार करे तथा हमारी वन रैंक वन पैंशन की विसंगतिया दुर करे तथा पेंशन भतो में की गई भारी गड़बड़ी को ठीक करवा जावे, अन्यथा आन्दोलन ओर तेज करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संघ राजगढ़ जिला चूरु के अध्यक्ष जगत सिंह, सचिव सुबेदार काशी राम लम्बोर बड़ी, हवलदार घासी राम, हवलदार शीशराम, सुबेदार नोरंगराम, सुबेदार रामकिशन, लेफ्टीनेंट दयाराम, सुबेदार बलबीर, सुबेदार करण सिंह, नायक संजय सिंह, सुबेदार महासिंह, लेफ्टीनेंट विद्याधर व सुबेदार महताब सिंह आदि पूर्व सैनिक संघ राजगढ़ के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अब वन विभाग की नर्सरियों में ऑनलाईन पौधे खरीद सकेंगे

**झुंझुनूं, (निसं)।** राज्य में वनस्पति आवरण बढ़ाने के लिए एवं वन क्षेत्र के बाहर पौधारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए वन विभाग ने एक वृहद कार्यक्रम ट्री आउटसाइड फारेस्ट एरिया शुरू किया है।

इस योजना के तहत वन विभाग झुंझुनूं ने इस वर्ष 15 लाख 50 हजार पौधों का पौधारोपण करने का लक्ष्य तय किया है। डीएफओ राजेंद्रकुमार हुड्डा ने बताया कि आमजन के द्वारा अपनी पसंद के पौधों की ऑनलाइन ही बुकिंग करवाई जा सकती है। बाद में संबंधित नर्सरी से पौधे प्राप्त किए जा सकेंगे। वन विभाग ने आमजन तक पौधों की पहुंच बढ़ाने के लिए यह सुविधा शुरू की है।

विभाग द्वारा सरकार की फ्लेगशिप स्कीम ट्री आउटसाइड फोरेस्ट इन राजस्थान के तहत अधिक से अधिक पौधों की उपलब्धता आमजन तक सुनिश्चित करने के लिए यह सुविधा दी जा रही है। गौरतलब है कि सरकार ने प्रदेश के वन क्षेत्रों के बाहर भी पौधे रोपने की मंशा से इस स्कीम की घोषणा की है। योजना के तहत वन क्षेत्रों के बाहर हरियाली बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों, संस्थाओं व नागरिकों के सहयोग से प्रदेश में 5 करोड़ पौधे रोपे जाने का लक्ष्य है।

हुड्डा ने बताया कि जिले की 12 नर्सरियों बीड़ झुंझुनूं, मलसीसर, चुड़ैला, दोरासर, चिरानी, जसरापुर, भोजगढ़, इंद्रपुरा, नवलगढ़, घोडीवारा, काजड़ा, भगीनिया जोहड चिड़ावा में विभिन प्रकार के 15.50 लाख पौधे तैयार किए गए है। जिनमें नीम, शीशम, बेर, अमलताश, शिरीष, अरडू, रोहिड़ा, गुलाब, अमरुद, पपीता, जामुन, अनार, नींबू, पपडी, बड़, पीपल, शहजाना, बकायन, लेसवा, बांस, चांदनी के पौधे लाभार्थियों को उपलब्ध करवाए जाएंगे।

योजना के तहत कुल 9.50 लाख पौधे व्यक्तिगत लाभार्थियों, संस्थाओं को उपलब्ध होंगे। व्यक्तिगत लाभार्थियों को एफएमडीएसएस पोर्टल पर लॉगिन कर नर्सरी एवं पौधे की प्रजाति का चयन करना होगा। नर्सरी वार पौधों की प्रजाति के चयन के लिए सर्च बटन क्लिक कर पता लगा सकते हैं।

# डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, सीएस एवं अधिवक्ताओं को सम्मानित किया



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र भांबू ने डॉक्टर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं अधिवक्ताओं को सम्मानित किया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र भांबू ने डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डे पर अलग-अलग सत्र में दो कार्यक्रम रखकर बड़े पैमाने परडॉक्टर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं अधिवक्ताओं को सम्मानित किया।

प्रथम सत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं सीएस के सम्मान के लिए आयोजित समारोह के मंच पर बतौर अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अभिभाषक संस्था झुंझुनूं के अध्यक्ष बिरजूसिंह शेखावत, वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश कुलहरि, शिवहरि प्रसाद, सुशील जोशी, पवन केडिया उपस्थित थे। द्वितीय सत्र में आयोजित डॉक्टर्स एवं आरटीएच योद्धाओं के सम्मान समारोह के मुख्य सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर के पूर्व अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह मील थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसएन शर्मा द्वारा की गई।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर डॉ. रामकृष्ण सुमन, पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत, डॉ. लालचंद ढाका, डॉ. हनुमानसिंह शेखावत, डॉ. कमलचंद सैनी उपस्थित थे। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित इस समारोह में अतिथि सम्मान के बाद बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिवक्ता डॉक्टर्स एवं आरटीएच योद्धाओं का एक-एक करके सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र सिंह मील ने डॉक्टर्स डे की बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सा का पेशा एक सजग प्रहरी का पेशा है। जिसे हर पल समाज की तंदुरुस्ती के लिए जागते रहना है। अपने संबोधन में वरिष्ठ अधिवक्ता बिरजूसिंह शेखावत ने चार्टर्ड अकाउंटेंट डे की बधाई देते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति को न्याय देना वकालत का प्रथम धर्म है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक राजेंद्र भांबू ने कहा कि सामाजिक सरोकार के इन कार्यों को करते उन्हें अपार सुखानुभूति का अनुभव होता है।

उन्होंने सामाजिक सेवा को नेतृत्व का प्रथम दायित्व बताते हुए समाज के समग्र विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।कार्यक्रम का संचालन आत्माराम जांगिड़ एवं राजकुमार मोरवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. जगदेव, डॉ. इंदिरा, पार्षद प्रमोद जानूं, प्रमोद बुडानिया, वरिष्ठ सीए महेंद्र धनकड, मनु धनकड, अर्जुन महला, सत्यदेव दड़िया, डॉ. संतोष ढाका, अजय ढाका, डॉ. नत्थूसिंह शेखावत, डॉ. अनिल महलावत, डॉ. हरलाल नेहरा, डॉ. रजनीश माथुर, डॉ. संजय फांडी, डॉ. नरेंद्र श्योराण, डॉ. जितेंद्र भांबू, सुरेंद्र भांबू, एडवोकेट विजयपाल रेप्सवाल, रोहित, उम्मेदराज सैनी, डॉ. कुंदन सिंह मील, डॉ. अशोक राव सहित दोनों सत्रों में बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता, डॉक्टर एवं आरटीएच योद्धा व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### शिविर में 88 रोगियों को परामर्श दिया

**झुंझुनूं, (निसं)।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को आयोजित किए जाने वाला मधुमेह चिकित्सा शिविर 2 जुलाई को स्वर्गीय रविंद्र कुमार केजड़ीवाल की पुण्य स्मृति में वासुदेव प्रसाद केजड़ीवाल फैमिली ट्रस्ट के आर्थिक सौजन्य से पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़ रोड पर आयोजित किया गया। जिसमें 88 रोगियों की शुगर जांच कर उन्हें लॉयन डॉ. एनएस नरूका के चिकित्सा परामर्श पर एक माह की दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई। इसी क्रम में क्लब द्वारा बहुउद्देश्यीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 49 रोगियों का पंजीयन कर उन्हें क्लब द्वारा लॉयन डॉ. एनएस नरूका के चिकित्सा परामर्श पर सात दिवस की दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई। इस शिविर के संयोजक लॉयन महिपालसिंह व लॉयन कैलाशचंद्र टेलर थे। इस अवसर पर दानदाता परिवार की ओर से एमजेएफ लॉयन एसके केजड़ीवाल पूर्व प्रांतपाल, संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़, लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड़, लॉयन किशनलाल जांगिड़, लॉयन डॉ. एनएस नरूका, लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, कैलाशचंद्र टेलर, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, लॉयन रामप्रताप कुमावत उपस्थित थे।

### प्रतिभाओं का सम्मान किया

**चूरू, (कासं)।** जिला खेल स्टेडियम में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सौजन्य से जिला खेलकूद प्रशिक्षण के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन प्रतिभा खोज प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कांग्रेस के पूर्व देहात ब्लॉक अध्यक्ष ताराचन्द बुडानिया ने कहा कि खेल जीवन का मुख्य अंग है। खेल में हार-जीत का महत्त्व न समझकर सिर्फ अपने खेल पर ध्यान देवें। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह न्यौल व अमर सिंह दनेवा ने की। खेल अधिकारी प्रकाशराम गोदारा ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी है। सिर्फ उन प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत है। साई टेबल टेनिस कोच के रमेश पूनिया ने शिविर की जानकारी दी। समापन समारोह में जिला टेबल टेनिस एसोशिएसन के सचिव ध्रूव पूनियां, कोच सुधीर सहारण, राजेन्द्र बुडानिया, ताईक्वाण्डो कोच सुमन राठौड़, कविन्द्र राठौड़, तेजपाल सिंह, देवी सिंह, किसन रामसरा, कोच सीताराम प्रजापत, प्रभुदयाल बुरड़क आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। समापन पर राजेश वर्मा, संदीप मील, मनीष राठौड़, सूबे सिंह, राहुल पिपलवा आदि ने आयोजिकीय भूमिका निभाई। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी प्रकाशराम गोदारा ने खिलाड़ियों को चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। संचालन पीटीआई शिशुपाल बुडानियां ने किया।

### वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**खिरोड, (निसं)।** टोडपुरा गांव के हीरामल खेल मैदान में रविवार दोपहर को वॉलीवाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेश कटेवा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता ओमेंद्र चारण, गिरधारीलाल इंदौरिया, सांवरमल सैनी, रामनिवास सैनी, विजेंद्र सैनी, संदीप सैनी, नरोत्तम बोहरा, उप सरपंच सुरेंद्र मीणा, महंत प्रभुनाथ, सुनील सिंगोदिया थे। अतिथियों ने फीता काटकर व बॉल को शॉट मारकर शुरुआत की। वहीं उदघाटन मैच साटिंडा वॉलीबाल एकेडमी सीकर व नवलडी के बीच खेला गया। इस मौके पर एडवोकेट बजरंगलाल, नारायणराम सैनी, भोलाराम मीणा, नारूराम सैनी, सुनिल मीणा, जगदीश सैनी, सुनील कुमावत, अशोक सैनी, राजेश गुर्जर, नरोत्तम बोहरा, पार्षद हितेश थोरी, कन्हैयालाल, रामलाल, भगीरथमल सैनी, विकास सैनी, नथमल सैनी, देवेंद्र सिंह आदि गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### गुरु पूर्णिमा आज, विभिन्न आयोजन होंगे

**डूंडलोद, (निसं)।** कस्बे के हीरानाथ शिवधाम गुरुकुल आश्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। आश्रम के संत जीतनाथजी महाराज ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय आश्रम परिसर में विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। रविवार शाम को 108 शिवलिंग की महाआरती के साथ दो दिवसीय धार्मिक आयोजन शुरू होंगे। रविवार को रात्रि को विशाल सत्संग का आयोजन होगा। जिसमें शेखावाटी के संत भजनों की प्रस्तुति देंगे। सोमवार को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक गुरु चरणों की पूजा होगी। गुरु चरणों की पूजा अर्चना के बाद महाप्रसाद के आयोजन के साथ दो दिवसीय धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। संत जीतनाथजी महाराज ने बताया कि धार्मिक आयोजन को लेकर आश्रम के कार्यकर्ताओं की टीम तैयारियां को लेकर जुटी हुई है। मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी व फूल मालाओं से सजाया जा रहा है।

### वृक्षारोपण कर जन्मदिन मनाया

**पाटन (निसं)।** नीमकाथाना के निकट शीतल दास धाम ठीकरिया में कैबिनेट मंत्री रामेश्वर डूडी के जन्मदिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काट कर धार्मिक वृक्ष कदम्ब, वटवृक्ष व गुलमोहर आदि के वृक्ष लगा कर धूमधाम से जन्म दिवस मनाया एवं डूडी साहब की दीर्घायु व स्वस्थ प्रगतिशील जीवन की कामना की। जन्म दिवस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता एडवोकेट मनीराम जाखड़, पूर्व प्रधान मदनलाल भावरिया, डा. रामावतार गजराज, डा. के. के. यादव, चौ. ग्यारसी लाल, राजेन्द्र गजराज, यदुवीर काजला सहित काफी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

### सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**खिरोड, (निसं)।** कस्बे के रामसर जोहड़े में स्थित सती माता मंदिर में जाने के लिए लिंक रोड से सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार को खिरोड़ ग्राम पंचायत के सरपंच महावीर प्रसाद भामू ने किया। अतिथियों द्वारा रास्ते में जेसीबी से रास्ता सही करवाकर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर दाधीच समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन दाधीच नवलगढ, प्रदीप शर्मा, रिटायर्ड प्रिंसीपल चौथमल कुलदीप, पत्रकार महेश शर्मा, सूबेदार सुरेंद्र सिंह, श्यामलाल शर्मा, गजानंद शर्मा, ठेकेदार सुभाष चंद्र आदि मौजूद थे।

### कोलसिया में गौशाला का उद्घाटन आज

**कोलसिया, (निसं)।** कोलसिया में बनी नवनिर्मित गौशाला का सोमवार को उद्घाटन होगा। सरपंच पति महेश पारीक ने बताया नवनिर्मित गौशाला का उद्घाटन समारोह सोमवार गुरु पूर्णिमा को सुबह 10 बजे होगा। उस दौरान उसी दौरान गौशाला निर्माण कार्य के खर्चे का हिसाब दिया जाएगा। साथ ही आगे कार्य करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

**झुंझुनूं, (निसं)।** नर सेवा नारायण सेवा संस्थान झुंझुनूं द्वारा लीलादेवी महनसरिया चैरिटेबल फाउंडेशन मुंबई के सौजन्य एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता जयपुर के सहयोग से 2 जुलाई रविवार को 101वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ।

## विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने जनसुनवाई की

**सादुलपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने रविवार को विधायक निवास पर जनसुनवाई की। जिसमे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। सादुलपुर विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने विधायक निवास पर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कई समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से विधायक कृष्णा पूनिया को अवगत करवाया। विधायक ने एक-एक कर सभी ग्रामीणों व शहरवासियों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों से फोन पर वार्तालाप कर समस्याओं का जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम सोहनलाल उम्र 61 साल पुत्र स्व. श्री मूलाराम एवं श्रीमती संतोष देवी उम्र 59 साल पत्नी श्री सोहनलाल जाति प्रजापत निवासीगण वार्ड नं. 16 नया बास चूरू के है जो दोनों शादीशुदा है और हमारा पुत्र बाबूलाल उम्र 33 साल व उसका परिवार हमसे लड़ाई-झगड़ा कर 8 वर्ष पहले अपने परिवार सहित अलग हो गये थे तथा गत 4 साल से सूरत गुजरात में अपने परिवार सहित निवास कर रहे है तथा गत 4 वर्ष में कभी चूरू नहीं आये है। ना ही कभी हमारी सुध ली है। बाबूलाल व उसका परिवार हमारे कहे में नहीं है। जिस कारण हम दोनों पति-पत्नी हमारे पुत्र बाबूलाल व उसका परिवार को हमारी सम्पति व हमारे जीवन से बेदखल करते है और आज के बाद उनके (बाबूलाल व उसका परिवार) किसी भी कार्य कलाप के लिये हम जिम्मेवार नहीं है और कोई भी व्यक्ति उनके साथ किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है, तो उसके लिये हम कतई जिम्मेवार नहीं है, सूचित रहे। दिनांक 29.06.2023

यह सार्वजनिक सूचना आज दिनांक 29.06.2023 को अपने पूर्ण होश-हवास के बिना किसी नशे-पत्ते के लिख दिया है, वक्त जरूरत काम आवे।

**सोहनलाल व श्रीमती संतोष देवी, निवासीगण वार्ड नं. 16 नया बास चूरू**